भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5768**

उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2026

9 चैत्र, 1948 (शक)

# ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में उपलब्धियाँ

**5768. श्री बलराम नाइक पोरिका:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन आयोजनों के दौरान ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की सहभागिता और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना की स्थिति क्या है और पैरा-खिलाड़ियों को प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय खेल विकास निधि और कॉर्पोरेट प्रायोजनों के उपयोग संबंधी प्रगति क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा कौशल विकास के माध्यम से पिछड़े क्षेत्रों में खिलाड़ियों और युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर उत्पन्न करने में उठाए गए / उठाए जा रहे कदम क्या हैं?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) पिछले तीन आयोजनों के दौरान ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलीटों की सहभागिता और उपलब्धियों का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

(ख) टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) एक मुख्य, एथलीट केन्द्रित सहायता कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य भारत के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक एथलीटों को प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उनकी दीर्घकालिक तैयारी आयोजनों में सहायता प्रदान करना है।

इस स्कीम के तहत प्रदान की जाने वाली सहायता में प्रशिक्षण, अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर और प्रतियोगिताएं, उत्कृष्ट कोचों की नियुक्ति, खेल विज्ञान और चिकित्सा सहायता, विशेष उपकरण और रिकवरी तथा पुनर्वास सेवाओं सहित विभिन्न घटक शामिल हैं।

वर्तमान में, लॉस एंजिल्स 2028 पैरालंपिक आयोजन के लिए टीओपीएस के तहत 62 पैरा-एथलीटों को सहायता दी जा रही है जबकि पेरिस 2024 पैरालंपिक आयोजन के दौरान 59 पैरा-एथलीटों को सहायता दी गई थी।

पेरिस 2024 आयोजन के दौरान टीओपीएस के तहत किया गया अनुमानित व्यय 14.66 करोड़ रुपये था, जबकि लॉस एंजिल्स 2028 आयोजन के लिए अब तक लगभग 8.66 करोड़ रुपये का व्यय किया जा चुका है।

(ग) इसका विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) माय भारत (मेरा युवा भारत) में एक डिजिटल मंच उपलब्ध कराया गया है जो निम्नलिखित को सक्षम बनाता है -

- अवसरों तक पहुंच: विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों द्वारा प्रदान किए जाने वाले विकास, स्वयंसेवा और जुड़ाव के अवसरों की सूची।
- अनुभवजन्य सीख कार्यक्रम (ईएलपी): इसमें आभ्यासिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी संस्थाओं और भागीदार संगठनों के साथ अल्पकालिक अनुभवजन्य सीख अवसरों का प्रावधान है।
- हितधारक अभिसरण: अल्प सेवित क्षेत्रों सहित आउटरीच को सुविधाजनक बनाने के लिए एक ही मंच पर कई हितधारकों के अवसरों का एकीकरण।

*****

**अनुबंध-I**

**"ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में उपलब्धियां" के संबंध में श्री बलराम नाइक पोरिका द्वारा दिनांक 30.03.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5768 के उत्तर के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र. सं. | प्रतियोगिता | प्रतिभागियों की संख्या | पदक विजेताओं की संख्या | भारत की रैंक | महत्वपूर्ण उपलब्धियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रियो ओलंपिक, 2016 | 117 | 02 | 67 | सुश्री साक्षी मलिक ने महिला कुश्ती में पहला ओलंपिक पदक जीता। |
| 2 | टोक्यो ओलंपिक, 2020 | 126 | 07 | 48 | श्री नीरज चोपड़ा ने भारत के लिए एथलेटिक्स में पहला ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता, यह ओलंपिक पदक तालिका में अब तक का सबसे उच्च प्रदर्शन रहा (7 पदक); 41 साल बाद पुरुष हॉकी में कांस्य पदक जीता। |
| 3 | पेरिस ओलंपिक, 2024 | 117 | 06 | 71 | पुरुष हॉकी टीम ने कांस्य पदक बरकरार रखा; श्री नीरज चोपड़ा ने रजत पदक जीतकर भारत के लिए एथलेटिक्स में दूसरा ओलंपिक पदक जीता।<br>सुश्री मनु भाकर स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार एक ही संस्करण में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। |
| 4 | एशियाई खेल, 2018 | 570 | 70 | 8 | भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत के लिए श्री नीरज चोपड़ा ने पहला स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, भारत ने रिकॉर्ड |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | पदक तालिका बनाकर एथलेटिक्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया, जो महाद्वीपीय स्तर पर ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में महत्वपूर्ण सुधार दर्शाता है। |
| 5 | एशियाई खेल, 2022 | 661 | 107 | 4 | अब तक की सर्वोच्च पदक तालिका (107); पहली बार 100 से अधिक पदक प्राप्त हुए; एथलेटिक्स, निशानेबाजी और टीम स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन दिखा। |
| 6 | राष्ट्रमंडल खेल, 2018 | 216 | 66 | 3 | अब तक की सबसे अधिक स्वर्ण पदक तालिका; भारत ने भारोत्तोलन, निशानेबाजी और टेबल टेनिस में अपना दबदबा दिखाया। |
| 7 | राष्ट्रमंडल खेल, 2022 | 210 | 61 | 4 | शूटिंग में भाग न लेने के बावजूद उल्लेखनीय प्रदर्शन; लॉन बॉल्स में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक; कुश्ती, मुक्केबाजी और भारोत्तोलन में लगातार सफलता मिली। |

*****

**अनुबंध-II**

**"ओलंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में उपलब्धियां" के संबंध में श्री बलराम नाइक पोरिका द्वारा दिनांक 30.03.2026 के लिए पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5768 के उत्तर के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

## राष्ट्रीय खेल विकास निधि और कॉर्पोरेट प्रायोजन का उपयोग

**(करोड़ रु.)**

| एनएसडीएफ में प्राप्त अंशदान | | | | | एनएसडीएफ के तहत निधियों का उपयोग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **वित्तीय वर्ष** | **सीएसआर-अंशदान** | **भारत सरकार का अंशदान** | **कुल योगदान** | **खेल अवसंरचना/प्रशिक्षण आदि के लिए सहायता** | **साई/टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) को ब्लॉक अनुदान** | **कुल उपयोग** |
| 1 | 2023-24 | 85.26 | 46.00 | 131.26 | 131.00 | 20.16 | 151.16 |
| 2 | 2024-25 | 70.17 | 13.71 | 83.88 | 80.79 | 20.78 | 101.57 |
| 3 | 2025-26 | 37.02 | 10.58 | 47.60 | 56.77 | 26.00 | 82.77 |
| | **कुल** | **192.45** | **70.29** | **262.74** | **268.56** | **66.94** | **335.50** |

*****